CONFIDENTIAL

**Sub: Annual Administrative Report of the Archives Department for the year 2011-2012.**

:::::::::

Will the Secretary, Council of Ministers, Haryana kindly refer to the subject cited above?

2. 40 copies of Annual Administrative Report for the year 2011-2012 along with Memorandum in English and Hindi are enclosed herewith for placing this matter before the Council of Ministers for their approval. It is, therefore, requested that the decision taken in the matter may also be conveyed to this Department at an early date.

Secretary Archives
o/c for Additional Chief Secretary to Govt. of Haryana
Archives Department

To

The Secretary
Council of Ministers
Haryana (Cabinet Branch)

U.O. No. 2/3-2015 Abhi/814 Dated Panchkula, the 28-5-15

28/5/2015

CONFIDENTIAL

MEMORANDUM

**Minister-in-Charge:** **Chief Minister, Haryana**

**Administrative Secretary:** **Additional Chief Secretary**
**Government of Haryana,**
**Archives Department**

**Subject:** **Annual Administrative Report of the Archives Department Haryana for the year 2011-2012.**

..........

The Annual Administrative Report along with a review and critique for the year 2011-2012 in respect of the Archives Department Haryana is brought up before the Council of Ministers, Haryana under instructions issued by the Chief Secretary to Government, Haryana vide their U.O. No. 53/12/81-6pp dated 2.07.1982 for consideration.

Prior approval of the Chief Minister to place this matter before the Council of Ministers has been obtained.

Dated, Chandigarh, the
1/5/2015

(Vijai Vardhan)
Additional Chief Secretary
Government of Haryana
Archives Department

## Review of the working of Archives Department for the year 2011-2012

During the year under report the Department continued to perform its functions to acquire service and preserve for posterity public and private records of administrative, historical, economic, political, social and cultural value.

During the year 2011-2012, the Department surveyed the records of the Chief Secretary, Haryana, Chief Election Commissioner, Election Department Haryana, Director Supply and Disposal Department, Haryana, Deputy Director Agriculture Department, Ambala, Executive Engineer, Pundari Water Services Division Kaithal, Dy. Excise & Taxation Commissioner, Faridabad (east), Deputy Registrar Co-operative Societies, Rohtak and Municipal Council Library, Sonipat.

Department acquired 83 files from the office of Chief Secretary Civil Secretariat, 19 volumes of instructions/ notification issued by the Finance Department from 1947 to 2010 from Financial Commissioner Haryana, Finance Department, 74 files from Agriculture Department, Haryana, 114 files from the office of Chief Electoral Officer, Haryana, 10 files from the office of Supply And Disposal Department, Haryana, 3 books and 2 files from the office of Deputy Director Agriculture Department, Ambala and a book History of Rewari from Pt. Chhaju Sharma, Rewari.

Department appraised files of the period from 1965 to 2010 of the office of Chief Electoral Officer, Haryana, Chandigarh, Chief Secretary, Government of Haryana, Director Supply and Disposal Department Haryana, Panchkula, Deputy Director Agricultural Department, Ambala, Director General Hospitality Department, Haryana Chandigarh, District Social Welfare Officer Panipat and Rohtak and recommended their destruction.

Department provided research facilities to 22 research scholars.

Department organized 8 exhibitions on various occasions at various places in the State to inculcate archival consciousness among the public in general and students in particular.

Department is well represented at all National Archival and Historical Institutions.

(Vijai Vardhan)
Additional Chief Secretary
Government of Haryana
Archives Department

# CRITIQUE OF ANNUAL ADMINISTRATIVE REPORT FOR THE YEAR 2011-2012 OF ARCHIVES DEPARTMENT, HARYANA

During the year under report, the Department performed its functions smoothly. An impressive record of archival value is available in Directorate and district offices of the State Government, which needs appraisal and acquisition. Owing to the paucity of space and technically trained staff, the department is facing hardship in appraisal, acquisition and preservation of these records. However, the department continued its work of appraisal and acquisition of public records. Besides, preservation and restoration of records, the department also prepared reference media of its record holdings.

(Vijai Vardhan)
Additional Chief Secretary
Government of Haryana
Archives Department

5

गोपनीय

ज्ञापन

कार्यभारी मंत्री — मुख्य मंत्री, हरियाणा

प्रशासकीय सचिव — अतिरिक्त मुख्य सचिव
हरियाणा सरकार, अभिलेखागार विभाग ।

विषय: अभिलेखागार विभाग, हरियाणा की 2011-2012 की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट 1

------

अभिलेखागार विभाग हरियाणा की 2011-2012 की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट की समीक्षा व समालोचना सहित मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार के अशा: कमांक 53/12/81-6पी:पी: दिनांक 2-07-1982 द्वारा जारी की गई हिदायतों अनुसार मंत्री परिषद के समक्ष विचार हेतु प्रस्तुत है ।

इस मामले को मंत्री परिषद के सम्मुख रखने के लिए मुख्य मंत्री का अनुमोदन प्राप्त कर लिया गया है ।

Vasisht

दिनांक चंडीगढ़
1/5/2015

(विजय वर्धन)
अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार
अभिलेखागार विभाग

# अभिलेखागार विभाग, हरियाणा द्वारा वर्ष 2011-2012 के दौरान किए गए कार्यो की समीक्षा

रिपोर्टाधीन अवधि में विभाग प्रशासनिक, ऐतिहासिक, आर्थिक, राजनैतिक, सामाजिक व सांस्कृतिक महत्व के सरकारी एवं निजी अभिलेखों की प्राप्ति, सम्भाल एवं चिरकाल तक उनके संरक्षण के कार्यो को करता रहा है ।

वर्ष 2011-2012 के दौरान विभाग ने मुख्य सचिव हरियाणा, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा, निदेशक पूर्ति एवं निपटान विभाग हरियाणा, उप निदेशक कृषि विभाग, अम्बाला, कार्यकारी अभियंता, पुण्डरी जल सेवाएं मण्डल, कैथल एवं उप आयुक्त, आबकारी एवं कराधान (पूर्वी) फरीदाबाद, उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां रोहतक एवं नगर परिषद पुस्तकालय, सानीपत के अभिलेखों का सर्वेक्षण किया ।

विभाग ने मुख्य सचिव, हरियाणा सिविल सचिवालय के कार्यालय से 83 फाइलें, वित्त विभाग हरियाणा सिविल सचिवालय के कार्यालय से वर्ष 1947 से 2010 तक की अवधि के वित्त विभाग द्वारा जारी अनुदेशों/ अधिसूचनाआ (19 वोल्यूम ) की प्रतियां, कृषि विभाग, हरियाणा के कार्यालय से 74 फाइलें, निर्वाचन विभाग, हरियाणा के कार्यालय से 114 फाइले, पूर्ति एवं निपटान विभाग, हरियाणा के कार्यालय से 10 फ़ाइलें, उप निदेशक कृषि विभाग, अम्बाला के कार्यालय से 3 पुस्तकें तथा 2 फ़ाइलें अवाप्त की तथा इसके अतिरिक्त रिवाड़ी के पं0 छज्जुराम शर्मा से रिवाड़ी का इतिहास नामक एक पुस्तक अवाप्त की ।

विभाग ने वर्ष 1965 से 2010 तक की अवधि के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, चण्डीगढ, मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, चण्डीगढ, निदेशक पूर्ति एवं निपटान विभाग हरियाणा पंचकूला, उप निदेशक कृषि विभाग अम्बाला, महानिदेशक सत्कार संगठन हरियाणा चण्डीगढ, जिला समाज कल्याण अधिकारी पानीपत और रोहतक के कार्यालय की फाइलों का मूल्यांकन किया तथा अभिलेखीय महत्व की फाइलों को छोड़कर शेष सभी फाइलों को नष्ट करने का सुझाव दिया गया क्योंकि ये सभी फाइलें अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

विभाग ने 22 शोधकर्ताओं को शोध सुविधाएं प्रदान की ।

विभाग ने आम जनता में विशेषकर विद्यार्थियों में अभिलेखों के प्रति जागरुकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से राज्य में विभिन्न स्थानों पर विभिन्न अवसरों पर 8 अभिलेखीय प्रदर्शनियों का आयोजन किया ।

विभाग का सभी राष्ट्रीय अभिलेखीय एवं ऐतिहासिक संस्थाओं में अच्छा प्रतिनिधित्व रहा है ।

(विजय वर्धन)
अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार
अभिलेखागार विभाग

# अभिलेखागार विभाग, हरियाणा की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट वर्ष 2011-2012 की समालोचना

रिपोर्टाधीन अवधि में विभाग अपने कार्यो को उचित ढंग से सम्पन्न करता रहा है 1 बड़ी संख्या में अभिलेखीय महत्त्व का रिकार्ड सरकारी विभागों के मुख्यालयों एवं जिला कार्यालयों में उपलब्ध है, जिसके मूल्यांकन एवं अवाप्ति की आवश्यकता है 1 प्रशिक्षित तकनीकी कर्मचारियों एवं स्थान की कमी के कारण विभाग को इन अभिलेखों के मूल्यांकन, अवाप्ति एवं परिरक्षण के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है 1 फिर भी विभाग ने सरकारी अभिलेखों के मूल्यांकन एवं अवाप्ति के अपने कार्य को जारी रखा हुआ है 1 अभिलेखों के परिरक्षण एवं पुर्नस्थापन के कार्य के अतिरिक्त विभाग ने अपने अभिलेखीय संग्रह की सन्दर्भ सूची भी तैयार की है 1

(विजय वर्धन)
अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार
अभिलेखागार विभाग

## अभिलेखागार विभाग हरियाणा
## वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट 2011-2012

अभिलेखागार हमारी सांस्कृतिक सम्पदा का कोष है । यह उस नदी की तरह है, जहां से इतिहास प्रवाहित होता है । इतिहास लिखने व लिखित इतिहास को ढूंढने तथा भावी योजना बनाने के लिए केवल अभिलेखागार ही सामग्री उपलब्ध कराता है ।

हरियाणा राज्य अभिलेखागार, हरियाणा के क्षेत्रीय इतिहास, जो अभी तक अधूरा व अनदेखा रहा है, के शोध की उन्नति के लिए उत्कृष्ट भूमिका अदा करता है ।

हरियाणा राज्य अभिलेखागार का मुख्य कार्य ऐतिहासिक, प्रशासनिक, राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व के सरकारी व निजी अभिलेखों को प्रशासनिक एवं ऐतिहासिक शोध सुविधाओं के लिए प्राप्त करना, उनका सही रख-रखाव व चिरकाल तक उन्हें सुरक्षित रखने हेतु उनकी व्यवस्था करना है । यह विभाग सरकारी अभिलेखों के सम्बन्ध में उनके प्रकाशन, संरक्षण एवं निसरण के लिए सभी गतिविधियों में तालमेल एवं मार्गदर्शन, यह सुनिश्चित करने के लिए करता है कि स्थायी महत्व के अभिलेख नष्ट न हों । इसके अतिरिक्त विभाग मौखिक इतिहास कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के स्वतंत्रता सैनानियों एवं प्रमुख व्यक्तियों के संस्मरण भी टेप रिकार्ड करता है ।

1 नवम्बर, 1966 को पंजाब राज्य के पुनर्गठन व हरियाणा राज्य के सृजन के समय हरियाणा राज्य में अभिलेखागार विभाग स्वतन्त्र विभाग के रुप में कार्य नहीं कर रहा था जिसके कारण सरकारी व निजी अभिलेखों के रख-रखाव की ओर विशेष ध्यान नहीं दिया जा सका । तत्पश्चात् वर्ष 1969 में राज्य में पुरातात्विक व अभिलेखीय गतिविधियों को सम्पन्न करने के उद्देश्य से पुरातत्व इकाई की स्थापना की गई । बाद में हरियाणा सरकार ने वर्ष 1973 में मात्र 7 पदों की स्वीकृति के साथ राज्य में अभिलेखागार विभाग स्थापित करने की दिशा में प्रथम कदम उठाया । परन्तु यह पद शीघ्र भरे न जा सके । उप निदेशक अभिलेखागार के पद पर केन्द्र सरकार से प्रतिनियुक्ति पर एक अधिकारी को लेकर वर्ष 1976 में विधिवत् रुप से राज्य में अभिलेखागार विभाग की स्थापना हुई तब से लेकर यह विभाग निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है । मुख्यालय पर बढ़ती अभिलेखीय गतिविधियों के बोझ को कम करने की दिशा में विभाग ने वर्ष 1986 में मण्डल स्तर पर क्रमशः अम्बाला व हिसार में क्षेत्रीय अभिलेखागारों की स्थापना की । राज्य में रोहतक व गुड़गांव को मण्डल का दर्जा मिलने के पश्चात् विभाग ने वर्ष 1997 में इन दोनों स्थानों पर भी क्षेत्रीय अभिलेखागारों की स्थापना की ।

अभिलेखागार विभाग सरकार के स्तर पर वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार, अभिलेखागार विभाग के प्रशासनिक नियन्त्रण में कार्य करता है । निदेशालय स्तर पर महानिदेशक विभागाध्यक्ष हैं । ये दोनों अधिकारी भारतीय प्रशासनिक सेवा से हैं । विभाग की तकनीकी गतिविधियों का नियन्त्रण उप निदेशक अभिलेख के पास है, जो कार्यालय अध्यक्ष भी हैं । क्षेत्रीय अभिलेखागारों का नियन्त्रण सहायक निदेशकों के पास है, जो अपने-अपने कार्यालयों के कार्यालय अध्यक्ष भी हैं ।

वर्ष 2011-2012 की अवधि के दौरान सरकार के स्तर पर इस विभाग का कार्यभार श्रीमती गीता भुक्कल, अभिलेखागार मंत्री के पास रहा । विभाग के वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव श्री राज रुप फुलिया, भा0प्र0से0 रहे । रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान अभिलेखागार विभाग के महानिदेशक का कार्यभार श्री फतह सिंह डागर, भा0प्र0से0 के पास रहा ।

राज्य अभिलेखागार तथा अभिलेखागार महानिदेशक का कार्यालय सिंचाई भवन, बी0 ब्लॉक, चौथी मंजिल, सैक्टर 5, पंचकुला के सरकारी भवन में स्थित रहें हैं । मण्डल स्तर पर क्षेत्रीय अभिलेखागार के कार्यालय क्रमशः अम्बाला, हिसार, रोहतक व गुड़गांव में स्थित रहें हैं ।

विभाग में 45 पद स्वीकृत हैं जिनमें से 37 पद भरे हुए है व 8 पद रिक्त है । जिनका विवरण अनुलग्नक 'क' पर उपलब्ध है ।

**बजट:**

विभाग के वर्ष 2011-2012 के मूल बजट में योजनेत्तर पक्ष पर 1,42,89,000 रुपये व योजना पक्ष पर 30,00,000 रुपये का बजट प्रावधान किया गया था जिसके समक्ष 1,34,54,000 रुपये योजनेत्तर पक्ष पर तथा 9,89,000 रुपये योजना पक्ष पर खर्च किए गए है ।

**सरकारी एवं निजी अभिलेखों का सर्वेक्षण:**

इस वर्ष के दौरान विभाग ने निम्न कार्यालयों के अभिलेखों का सर्वेक्षण किया:

1- मुख्य सचिव, हरियाणा ।

2- मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा ।

3- निदेशक पूर्ति एवं निपटान विभाग, हरियाणा ।

4- उप निदेशक, कृषि विभाग, अम्बाला ।

5- कार्यकारी अभियन्ता, पुण्डरी जल सेवाएं मण्डल, कैथल ।

6- उप आयुक्त आबकारी एवं कराधान (पूर्वी ) फरीदाबाद ।

7- उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, रोहतक ।

8- नगर परिषद पुस्तकालय, सोनीपत ।

विभाग ने कपिल मुनी मंदिर कलायत, फल्गू तीर्थ फरल, कुरूक्षेत्र, रहमत उल्लाह अली, सढौरा, यमुना नगर तथा मनसा देवी मंदिर, फतेहपुर पुण्डरी जिला कैथल के धार्मिक संस्थानों के अभिलेखों का भी सर्वेक्षण किया तथा पुलिस अधीक्षक, रोहतक व पुलिस अधीक्षक, पानीपत से सम्पर्क किया गया तथा 1947 से पहले का थानों मे रखे रिकार्ड को विभाग में स्थानांतरण करने को कहा गया ।

अवाप्तियां :

इस वर्ष के दौरान विभाग ने निम्न अवाप्तियां की:

1- मुख्य सचिव, हरियाणा सिविल सचिवालय के कार्यालय से 83 फाइलें अवाप्त कीं ।

2- वित्त विभाग, हरियाणा सिविल सचिवालय के कार्यालय से वर्ष 1947 से 2010 तक की अवधि के वित्त विभाग द्वारा जारी अनुदेशों / अधिसूचनाओं की प्रतियां अवाप्त कीं ।

3- कृषि विभाग, हरियाणा के कार्यालय से 74 फाइलें अवाप्त कीं ।

4- निर्वाचन विभाग, हरियाणा के कार्यालय से 114 फाइलें अवाप्त कीं ।

5- पूर्ति एवं निपटान विभाग, हरियाणा के कार्यालय से 10 फाइलें अवाप्त कीं ।

6- उप निदेशक, कृषि विभाग, अम्बाला के कार्यालय से 3 पुस्तकें तथा 2 फाइलें अवाप्त की ।

7- इसके अतिरिक्त रिवाड़ी के पं0 छज्जू राम शर्मा से रिवाड़ी का इतिहास नामक एक पुस्तक अवाप्त की ।

**अभिलेखों की सर्विसिंग :**

इस वर्ष के दौरान विभाग ने यहां उपलब्ध अभिलेखों की निम्नानुसार सर्विसिंग की:

1- पुनर्वास विभाग, हरियाणा को उनकी मांग पर 55 फाइलें उपलब्ध करवाई व उन द्वारा वापिस की गई 62 फाइलों को अभिलेख कक्ष में पुर्नस्थापित किया ।

2- मुख्य अभियन्ता, भाखड़ा जल सेवाएं, सिंचाई विभाग, हरियाणा, पंचकुला को उनकी मांग पर वर्ष 1985-86 के समाचार पत्रों की 24 फोटोप्रतियां उपलब्ध करवाई ।

3- कार्यकारी अभियन्ता, जल सेवाएं मंडल, सिंचाई विभाग, नरवाना को उनकी मांग पर वर्ष 1966-67 के राजपत्र अधिसूचना की 10 फोटोप्रतियां उपलब्ध करवाई ।

4- अधीक्षक, जिला कारावास, रोहतक को उनकी मांग पर रजिस्टर न0 2 (28.09.1944 से 07.10.1944) उपलब्ध करवाया गया ।

**अभिलेख प्रबंधन :**

1- विभाग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, चण्डीगढ़ के कार्यालय की 1967 से 2010 तक की अवधि की 4020 फाइलों का सर्वेक्षण किया तथा 113 फाइलों को छोड़कर शेष सभी फाइलों को नष्ट करने का सुझाव दिया गया क्योंकि ये सभी फाइलें अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

2- विभाग ने मुख्य सचिव हरियाणा सरकार चण्डीगढ़ के कार्यालय की 1956 से 1986 तक की अवधि की 207 फाइलों का सर्वेक्षण किया तथा 83 फाइलों को छोड़कर शेष सभी फाइलों को नष्ट करने का सुझाव दिया गया क्योंकि ये सभी फाइलें अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

3- विभाग ने निदेशक पूर्ति एवं निपटान विभाग, हरियाणा पंचकूला के कार्यालय की 1965 से 2007 तक की अवधि की 3138 फाइलों का सर्वेक्षण किया तथा 10 फाइलों को छोड़कर शेष सभी फाइलों को नष्ट करने का सुझाव दिया गया क्योंकि ये सभी फाइलें अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

4- विभाग ने उप निदेशक कृषि विभाग, हरियाणा अम्बाला के कार्यालय की 1960 से 2007 तक की अवधि की 2390 फाइलों का सर्वेक्षण किया तथा 2 फाइलों

को छोड़कर शेष सभी फाइलों को नष्ट करने का सुझाव दिया गया क्योंकि ये सभी फाइलें अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

5- विभाग ने महानिदेशक, सत्कार संगठन, हरियाणा चण्डीगढ के कार्यालय के अभिलेखों का सर्वेक्षण किया इन सभी फाइलों को नष्ट करने का सुझाव दिया गया क्योंकि ये सभी फाइलें अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

6- विभाग ने जिला समाज कल्याण अधिकारी, पानीपत के कार्यालय की 2001 से 2006 तक की अवधि के 246 अभिलेखों का मूल्यांकन किया तथा इन सभी फाइलों को नष्ट करने का सुझाव दिया गया क्योंकि ये सभी फाइलें अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

7- विभाग ने जिला समाज कल्याण अधिकारी, रोहतक के कार्यालय की 2004 से 2006 तक की अवधि के 340 अभिलेखों का मूल्यांकन किया तथा इन सभी फाइलों को नष्ट करने का सुझाव दिया गया क्योंकि ये सभी फाइलें अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

8- विभाग के अधिकारियों ने अभिलेख प्रबंधन के विभिन्न विषयों पर लेखा प्रशिक्षण संस्थान, पंचकूला तथा लोक प्रशासन संस्थान, हरियाणा, क्षेत्रीय केन्द्र, पंचकूला में व्याख्यान दिए ।

**अभिलेख परिरक्षण :**

इस वर्ष के दौरान अभिलेख परिरक्षण के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य किए गए:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | बांइडिंग | 238 पुस्तकें |
| 2. | सिलाई | 200 पुस्तकें, 147 फाइलें |
| 3. | लघु रिपेयर | 1970 पृष्ठ |
| 4. | डिएसिडिफिकेशन | 1000 पृष्ठ |
| 5. | लैमिनेशन | 400 पृष्ठ |
| 6. | फोर साईड कटिंग | 600 पृष्ठ |
| 7. | पृष्ठीकरण | 52000 पृष्ठ |
| 8. | गैदरिंग एवं गार्डिंग | 2678 पृष्ठ |
| 9. | फलैटनिंग | 15070 पृष्ठ |

10. चेपियां हटाना 2340

**प्रकाशन :**

विभाग ने आम जनता से अभिलेखों की सुरक्षा करने एवं विभाग को उनके पास उपलब्ध अभिलेखों को भेंट स्वरूप देने के लिए एक अपील प्रकाशित की ।

**शोध सुविधाएं :**

विभाग ने 22 शोधकर्ताओं को शोध सुविधाएं प्रदान की । जिनका विवरण अनुलग्नक 'ख' पर उपलब्ध है ।

**सूचना का अधिकार अधिनियम :**

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत विभाग ने 5 व्यक्तियों को तकनीकी पक्ष पर श्री एच.सी. अरोड़ा मकान न0 2299 सैक्टर-44 सी चण्डीगढ, डॉ0 जगबीर सिहं मकान न0 188 पी0एल0ए0 हिसार, श्री के0 पारी, वंधन, प्रथम तल न्यू न0 81/5 ओल्ड न0 5 राम नगर, कुमारसमपट्टी सेलम, तमिलनाडु, श्री तरलोचन पटेल रोड़ पुली, अम्बाला शहर व श्री रामजुआरी शर्मा एडवोकेट, चैम्बर न0 268 डिस्ट्रिक कोर्ट पानीपत तथा 4 व्यक्तियों को प्रशासनिक पक्ष पर श्री धर्मपाल गांव हाट, तहसील सफीदों जिला जीन्द, नरेश सेलपाड़ 330 विनय नगर, दिल्ली बाई पास, रोहतक, श्री अशोक कुमार सफीदों शहर, जिला जीन्द व मनोज कुमार नजदीक के0 वी0 विद्यालय, काठ मंडी, सरकूलर रोड़, जिला रिवाड़ी को उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध करवाई ।

**माइक्रोफिल्मिंग :**

इस वर्ष के दौरान विभागीय पुस्तकालय में उपलब्ध 15 पुस्तकों की सुरक्षा हेतु उनके लगभग 9000 माइक्रोफिल्म चित्र तैयार किए गए व इनको प्रोसेस किया गया ।

**प्रदर्शनियां :**

इस वर्ष के दौरान विभाग ने विभिन्न अवसरों पर निम्न विवरण अनुसार 8 प्रदर्शनियां आयोजित की:

| क्रम | दिनांक | स्थान | अवसर |
|---|---|---|---|
| 01- | 10 मई, 2011 | अम्बाला | अभिलेख प्रदर्शनी |
| 02- | 6 अगस्त, 2011 | हिसार | हरियाणा स्वतंत्रता सैनिक |
| 03- | 9 से 10 अगस्त, 2011 | अम्बाला | भारत छोड़ो आन्दोलन की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में प्रदर्शनी |
| 04- | 27 अगस्त, 2011 | हांसी | लाला हुक्म चन्द जैन |
| 05- | 2 से 6 दिसम्बर, 2011 | कुरुक्षेत्र | कुरूक्षेत्र उत्सव-गीता जयन्ती समारोह |
| 06- | 15 से 18 दिसम्बर, 2011 | हिसार | स्वतंत्रता आन्दोलन से सम्बन्धित दुर्लभ दस्तावेजो की प्रदर्शनी |
| 07- | 23 से 25 जनवरी, 2012 | चण्डीगढ | स्वतंत्रता आंदोलन के दुर्लभ दस्तावेजो की प्रदर्शनी |
| 08- | 10 से 16 फरवरी, 2012 | कुरूक्षेत्र | कंजरवेशन आफॅ फोक आर्ट ओबजैक्ट |

**प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम :**

इस वर्ष के दौरान विभाग ने राज्य के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में निम्न विवरण अनुसार प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम आयोजित किए गए :

| क्रम | दिनांक | शिक्षण संस्थान का नाम |
|---|---|---|
| 01- | 18-04-2011 | राजकीय उच्च विद्यालय, अंचरा कला, जिला जीन्द |
| 02- | 12-05-2011 | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राजगढ़ रोड़, जिला हिसार |
| 03- | 18-05-2011 | वैदिक कन्या गुरूकुल, अंचरा कला, जिला जीन्द |
| 04- | 28-07-2011 | राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जिला पानीपत |
| 05- | 11-08-2011 | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बापोली, जिला पानीपत |
| 06- | 11-08-2011 | राजकीय कन्या महाविद्यालय, सैक्टर-14, जिला पंचकूला |
| 07- | 24-08-2011 | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, इसराना, जिला पानीपत |
| 08- | 25-08-2011 | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खरखौदा, जिला सोनीपत |
| 09- | 23-09-2011 | पी0जी0एस0डी0 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हांसी, जिला हिसार |
| 10- | 29-10-2011 | राजकीय उच्च विद्यालय, खेड़ी जलाब, नारनौंद, जिला हिसार |
| 11- | 01-12-2011 | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, घरौंडा, जिला पानीपत |
| 12- | 25-03-2012 | श्री राजमल मैमोरियल माध्यमिक विद्यालय, सोरखी, जिला हिसार |

**प्रतिष्ठित व्यक्तियों की बैठकें आयोजित करना :**

इस वर्ष के दौरान विभाग की गतिविधियों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से विभाग के वितायुक्त एवं प्रधान सचिव, अभिलेखागार की पहल पर सभी जिलों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों की

समिथिां गठित की गई । इस समिति में समाज के विभिन्न वर्गो/ क्षेत्रों के व्यक्तियों को सम्मिलित किया गया है, जो विभाग को राज्य में विभिन्न संस्थाओं/ व्यक्तियों के पास उपलब्ध महत्वपूर्ण अभिलेखों की पहचान व उनके रख- रखाव बारे अवगत कराएगें । विभाग के अधिकारियों की अध्यक्षता में इस संबंध में इस अवधि के दौरान पलवल, मेवात, सोनीपत, पानीपत, फतेहाबाद, भिवानी तथा हिसार में बैठके आयोजित की गई ।

उपरोक्त कार्यो के अतिरिक्त विभाग ने विभागीय गतिविधियों के प्रचार व प्रसार के उद्देश्य से मुख्यालय तथा क्षेत्रीय कार्यालयों के स्तर पर पुस्तिका प्रकाशित करने तथा पोस्टर बनाने हेतु आवश्यक सामग्री को एकत्रित किया गया । मुख्यालय तथा क्षेत्रीय कार्यालयों में उपलब्ध अभिलेखों में से अति महत्वपूर्ण अभिलेखों को छांटने का कार्य प्रारम्भ किया गया । इसी प्रकार इन कार्यालयों के पुस्तकालयों में उपलब्ध पुस्तकों में से दुर्लभ पुस्तकों को छांटकर उनकी सूची बनाने का कार्य प्रारम्भ किया गया । विभाग द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रदर्शनियों को और रोचक बनाने के लिए आवश्यक पग उठाए गए ।

**चौकसी विभाग से सम्बन्धित सूचनाः**

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान विभाग में चौकसी विभाग से सम्बन्धित सूचना शून्य है ।

## अनुलग्नक 'क'

### वर्ष 2011-12 में पदों का विवरण

| पदनाम | पंचकूला | अम्बाला | हिसार | गुड़गांव | रोहतक | योग | रिक्त |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उप निदेशक | 1 | - | - | - | - | 1 | - |
| सहायक निदेशक | - | 1 | 1 | 1 | 1 | 4 | - |
| अधीक्षक | 1 | - | - | - | - | 1 | - |
| अभिलेखपाल | 3 | - | - | - | - | 3 | - |
| सहायक अभिलेखपाल | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 6 | 2 |
| माइक्रोफोटोग्राफिस्ट | 1 | - | - | - | - | 1 | - |
| सहायक | 3 | - | - | - | - | 3 | - |
| सहायक पुस्तकाध्यक्ष | 1 | - | - | - | - | 1 | - |
| अभिलेख रेस्टोरर | 1 | - | - | - | - | 1 | - |
| चालक | 1 | - | - | - | - | 1 | - |
| जूनियर स्केल स्टैनो | 1 | - | - | - | - | 1 | - |
| लिपिक | 4 | - | - | - | - | 4 | 3 |
| अभिलेख परिचर | 1 | - | - | - | - | 1 | - |
| बाइंडर | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 5 | - |
| गेट कीपर | 1 | - | - | - | - | 1 | 1 |
| डार्क रुम अटैन्डेन्ट | 1 | - | - | - | - | 1 | - |
| डस्टिंग बियरर-कम-मैंडर | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 5 | 1 |
| स्वीपर | 1 | - | - | - | - | 1 | - |
| सेवादार | 2 | 1 | 1 | - | - | 4 | 1 |

## अनुलग्नक 'ख'

### वर्ष 2011-12 में विभाग में आए शोधकर्ताओं का विवरण

| क्र0 | शोधकर्ता का नाम | शोध का विषय | विश्वविद्यालय/विभाग/संस्थान |
|---|---|---|---|
| | सर्व श्री/श्रीमती | | |
| 1. | दलजीत कुमार | रोल ऑफ महम इन दी फरीडम मूवमेंट ऑफ इंडिया | महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक |
| 2. | कुलजीन्द्र सिंह | सेटलमेंट रिपोर्ट | चण्डीगढ़ परिवहन उपक्रम |
| 3. | गगनप्रीत | कोलोनीयल पुलिस इन पंजाब | जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय,नई दिल्ली |
| 4. | गंगा सागर | रोल ऑफ आर्य समाज इन दी डिवेलपमेंट ऑफ साउथ ईस्ट पंजाब इन 20th सेंचुरी | पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ |
| 5. | राकेश कुमार | 15th सेंचुरी सूफी सेंट हजरत जलालुदीन | जे.एम.आई. दिल्ली |
| 6. | डॉ0 स्वाती झा | हिस्ट्री | गर्वनमेंट कॉलेज, गुड़गांव |
| 7. | शीतल हुड्डा | अर्बनाइजेशन आफ हिसार डिसट्रिक्ट | महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक |
| 8. | ज्योति रूहिल | अर्बनाइजेशन इन हिसार | महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक |
| 9. | संदीप कुमार भाटिया | हिस्ट्री ऑफ हिसार | जी.जे.यू., हिसार |
| 10. | संदीप कुमार | अर्बनाइजेशन ऑफ हिसार | महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक |
| 11. | नेहा शर्मा | हिलस्टेशन एण्ड हिल टाउन ऑफ इंडिया | पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ |
| 12. | सुमन भारती | सोशल चेंज अमंग दी मुस्लिम इन ब्रिटिश पंजाब | डी.ए.वी.कॉलेज, चण्डीगढ़ |
| 13. | सेनिया अहरवाला | हिस्ट्री | दर्विडम विश्वविद्यालय, कुपम |
| 14. | हरविन्द्र मलिक | सर छोटूराम | स्वास्तिका इंनटरटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड |
| 15. | राजेश मलकानिया | हिस्ट्री | दैनिक जागरण, पंचकूला |
| 16. | सोफी लैलवेलैन | एन आई फॉर गुड केटल एक्सपेलिंग दी ऐथिक्स एण्ड एस्थेटिक ऑफ लाइवस्टाक बायोडाइवर्सिटी कंनजरवेशन इन नोरदरन इंडिया | ज्वाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय,नई दिल्ली |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 17. | जसबीर सिंह सिंहमार | दी सिक्स सरीनस आफ दी पंजाब | पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ |
| 18. | डॉ0 जगदीप सिंह | वीडो | कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र |
| 19. | सुरेन्द्र सिंह भांगू | फेमिली हिस्ट्री ऑफ एस.हरनाम सिंह आफ भारी | |
| 20. | हरनीत कौर जाखड़ | राइट टू लाइफ: ए स्टडी ऑफ गर्ल चाइल्ड इन दी पंजाब फरोम दी मिड 19वीं से 20वीं शताब्दी | पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ |
| 21. | मनोज कुमार | लेंड आनरशिप एण्ड टेनेसी ए स्टडी ऑफ अग्रेरियन रिलेशन इन दी साउथ ईस्ट पंजाब 1849-1947 | कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र |
| 22. | अजय कुमार | सेसीया इक्नोमिक कंडीशन ऑफ शैडयूल कास्ट ऑफ चम्बा इन 19वीं और 20वीं सेंचुरी | हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला |

अभिलेखागार विभाग हरियाणा
दैनिक क्रमांक 1823
दिनांक 17-7-15

**IMMEDIATE/CONFIDENTIAL**
**COUNCIL OF MINISTERS**

Subject: - Annual Administrative Report of the Archives Department Haryana for the year 2011-2012.

--------

Will the Additional Chief Secretary to Government Haryana, Archives Department, kindly refer to his/her U.O.No.2/3-2015 Abhi/814, dated 28.05.2015, on the subject noted above?

2. The Council of Ministers in its meeting held on 01.06.2015 has taken the following decision in this matter :-

**"The Report was noted."**

3. Only Report and Review is to be printed. Review is also to be published in the Haryana Govt. Gazette.

4. The Administrative Department is requested to kindly implement the decision of the Council of Ministers at the earliest and to send a copy of the orders issued in this regard, if any, to the Cabinet Section, within a fortnight, positively.

5. It is requested to keep in view the Government instructions contained in U.O.No. 5/313-Cabinet-88, dated 2.7.1991 while implementing the decision of the Council of Ministers.

Jarnail Singh
Superintendent, Cabinet
for Secretary, Council of Ministers, Haryana.

To

The Additional Chief Secretary to Government Haryana,
Archives Department, Chandigarh.

U.O.No.9/87/2015-2 Cabinet, Dated, Chandigarh, the 01st June, 2015.

- 20 -

प्रेषक

महानिदेशक,
अभिलेखागार विभाग, हरियाणा,
चौथी मंजिल, बी ब्लॉक, सिंचाई भवन,
सैक्टर-5, पंचकूला ।

सेवा में

नियंत्रक
मुद्रण तथा लेखन सामग्री, हरियाणा,
चण्डीगढ़ ।

यादी कमांक 2/3-2015-अभि0/
दिनांक पंचकुला

विषयः- वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट 2011-12 के प्रकाशन बारे ।

:::::::::

उपरोक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हुए आपसे अनुरोध है कि इस विभाग की वर्ष 2011-2012 की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट, जोकि मंत्री परिषद द्वारा अनुमोदित है तथा जिसकी सी0 डी0 इस पत्र के साथ संलग्न है, की तीन सौ प्रतियां यथाशीघ्र प्रकाशित करके इस विभाग को भिजवाने की कृपा करें । प्रकाशन से पूर्व इस रिपोर्ट का प्रूफ भी इस विभाग को दिखाने की कृपा करें ।

संलग्नः उपरोक्तानुसार

उप निदेशक अभिलेख
कृतेः महानिदेशक, अभिलेखागार विभाग, हरियाणा

पृष्ठांकन कमांक 2/3-2015-अभि0/ 1093 to 1094 दिनांक पंचकुला 21/07/15

इसकी एक प्रति सचिव, मंत्री परिषद को उनके द्वारा अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, अभिलेखागार विभाग को भेजे गए अ0शा0 कमांक 9/87/2015-2 कैबिनेट दिनांक 1-6-2015 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित की जाती है ।

उप निदेशक अभिलेख
कृतेः महानिदेशक, अभिलेखागार विभाग, हरियाणा

प्रेषक

महानिदेशक,
अभिलेखागार विभाग, हरियाणा,
चौथी मंजिल, बी ब्लॉक, सिंचाई भवन,
सैक्टर-5, पंचकूला ।

सेवा में

नियंत्रक
मुद्रण तथा लेखन सामग्री, हरियाणा
चण्डीगढ़ ।

यादी क्रमांक 2/3-2015-अभि0/
दिनांक पंचकुला

**विषयः-** **वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट 2011-12 की समीक्षा को हरियाणा सरकार के गजट में प्रकाशित करने बारे ।**

:::::::::

उपरोक्त विषय की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हुए आपको सूचित किया जाता है कि इस विभाग की वर्ष 2011-2012 की वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट मंत्री परिषद द्वारा अनुमोदित की जा चुकी है तथा विभाग को इस रिपोर्ट की समीक्षा को हरियाणा सरकार के गजट में प्रकाशित किए जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं । अतः समीक्षा की प्रति संलग्न करते हुए आपसे अनुरोध है कि इसे हरियाणा सरकार के गजट में प्रकाशित करने की कृपा करें ।

संलग्नः उपरोक्तानुसार

उप निदेशक अभिलेख
कृतेः महानिदेशक, अभिलेखागार विभाग, हरियाणा

पृष्ठांकन क्रमांक 2/3-2015-अभि0/ 1095 to 1096 दिनांक पंचकुला 28/07/15

इसकी एक प्रति सचिव, मंत्री परिषद को उनके द्वारा अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, अभिलेखागार विभाग को भेजे गए अ0श0 क्रमांक 9/87/2015-2 कैबिनेट दिनांक 1-6-2015 के संदर्भ में सूचनार्थ प्रेषित की जाती है ।

उप निदेशक अभिलेख
कृतेः महानिदेशक, अभिलेखागार विभाग, हरियाणा

## Review of the working of Archives Department for the year 2011-2012

During the year under report the Department continued to perform its functions to acquire service and preserve for posterity public and private records of administrative, historical, economic, political, social and cultural value.

During the year 2011-2012, the Department surveyed the records of the Chief Secretary, Haryana, Chief Election Commissioner, Election Department Haryana, Director Supply and Disposal Department, Haryana, Deputy Director Agriculture Department, Ambala, Executive Engineer, Pundari Water Services Division Kaithal, Dy. Excise & Taxation Commissioner, Faridabad (east), Deputy Registrar Co-operative Societies, Rohtak and Municipal Council Library, Sonipat.

Department acquired 83 files from the office of Chief Secretary, Civil Secretariat, 19 volumes of instructions/ notification issued by the Finance Department from 1947 to 2010 from Financial Commissioner Haryana, Finance Department, 74 files from Agriculture Department , Haryana, 114 files from the office of Chief Electoral Officer, Haryana, 10 files from the office of Supply And Disposal Department, Haryana, 3 books and 2 files from the office of Deputy Director Agriculture Department, Ambala and a book History of Rewari from Pt. Chhaju Sharma, Rewari

Department appraised files of the period from 1965 to 2010 of the office of Chief Electoral Officer, Haryana, Chandigarh, Chief Secretary, Government of Haryana, Director Supply and Disposal Department Haryana, Panchkula, Deputy Director Agricultural Department, Ambala, Director General Hospitality Department, Haryana Chandigarh, District Social Welfare Officer Panipat and Rohtak and recommended their destruction.

Department provided research facilities to 22 research scholars.

Department organized 8 exhibitions on various occasions at various places in the State to inculcate archival consciousness among the public in general and students in particular.

Department is well represented at all National Archival and Historical Institutions.

(Vijai Vardhan)
Additional Chief Secretary
Government of Haryana
Archives Department

अभिलेखागार विभाग, हरियाणा द्वारा वर्ष 2011-2012 के दौरान किए गए कार्यो की समीक्षा

विचाराधीन अवधि में विभाग प्रशासनिक, ऐतिहासिक, आर्थिक, राजनैतिक, सामाजिक व सांस्कृतिक महत्त्व के सरकारी एवं निजी अभिलेखों की प्राप्ति, सम्भाल एवं चिरकाल तक उनके संरक्षण के कार्यो को करता रहा है ।

वर्ष 2011-2012 के दौरान विभाग ने मुख्य सचिव हरियाणा, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा, निदेशक पूर्ति एवं निपटान विभाग हरियाणा, उप निदेशक कृषि विभाग, अम्बाला, कार्यकारी अभियंता, पुण्डरी जल सेवाएं मण्डल कैथल एवं उप आयुक्त, आबकारी एवं कराधान (पूर्वी) फरीदाबाद, उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां रोहतक एवं नगर परिषद पुस्तकालय, सोनीपत के अभिलेखों का सर्वेक्षण किया ।

विभाग ने मुख्य सचिव, हरियाणा सिविल सचिवालय के कार्यालय से 83 फाइलें, वित्त विभाग हरियाणा सिविल सचिवालय के कार्यालय से वर्ष 1947 से 2010 तक की अवधि के वित्त विभाग द्वारा जारी अनुदेशों/ अधिसूचनाओं (19 वोल्यूम ) की प्रतियां, कृषि विभाग, हरियाणा के कार्यालय से 74 फाइलें, निर्वाचन विभाग, हरियाणा के कार्यालय से 114 फाइले, पूर्ति एवं निपटान विभाग, हरियाणा के कार्यालय से 10 फाइलें, उप निदेशक कृषि विभाग, अम्बाला के कार्यालय से 3 पुस्तकें तथा 2 फाइलें अवाप्त की तथा इसके अतिरिक्त रिवाड़ी के पं0 छज्जुराम शर्मा से रिवाड़ी का इतिहास नामक एक पुस्तक अवाप्त की ।

विभाग ने वर्ष 1965 से 2010 तक की अवधि के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, चण्डीगढ़, मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, चण्डीगढ़, निदेशक पूर्ति एवं निपटान विभाग हरियाणा पंचकूला, उप निदेशक कृषि विभाग अम्बाला, महानिदेशक सरकार संगठन हरियाणा चण्डीगढ़, जिला समाज कल्याण अधिकारी पानीपत और रोहतक के कार्यालय की फाइलों का मूल्यांकन किया तथा अभिलेखीय महत्त्व की फाइलों को छोड़कर शेष सभी फाइलों को नष्ट करने का सुझाव दिया गया क्योंकि ये सभी फाइलें अभिलेखीय महत्त्व की नहीं [illegible] ।

विभाग ने 22 शोधकर्ताओं को शोध सुविधाएं प्रदान की ।

विभाग ने आम जनता में विशेषकर विद्यार्थियों में अभिलेखों के प्रति जागरुकता [illegible] राज्य में विभिन्न [illegible] पर 8 अभिलेखीय प्रदर्शनियां [illegible] ।

[illegible] में अच्छा प्रतिनिधित्व [illegible] ।

(विजय वर्धन)
[illegible]
अभिलेखागार विभाग

-24-

अभिलेखागार विभाग हरियाणा
दैनिक क्रमांक 1465
दिनांक 27/8/15
परिचालन संख्या

**REMINDER**
**IMMEDIATE**
**COUNCIL OF MINISTERS**

20/8/15

Subject: - **Annual Administrative Report of the Archives Department, Haryana for the year 2011-2012.**

<<0>>

ACS (Arch.) 20.8.15

Will the Additional Chief Secretary to Government Haryana. Archives Department, kindly refer to this Department's U.O. No. 9/87/2015-2Cabinet, dated 1.6.2015 and your U.O. No. 2/3-2015-Abhi/814 dated 28.5.2015 on the subject noted above?

DG (A)
167-ACS-DGA 24-8-15

He/She is again requested to send the implementation report of the decision taken by the Council of Ministers in this case to the Cabinet Section immediately so that case may be expedited/closed.

Superintendent Cabinet
for Secretary, Council of Ministers, Haryana

26/8/15
Supdt
Asstt-I

To

The Additional Chief Secretary to Government Haryana.
Archives Department, Chandigarh.

U.O.No.9/87/2015-2Cabinet, Dated, Chandigarh, the 11th August, 2015.

R/19.8.15

-25-

अभिलेखागार विभाग हरियाणा
दैनिक क्रमांक 1149
दिनांक 26-8-2015

REMINDER
IMMEDIATE
COUNCIL OF MINISTERS

Received today
25/8/15

Subject:- Annual Administrative Report of the Archives [illegible] Haryana for the year 2011-2012.

Supdt. 25-8-15

25/8/15
DCG(9)

Will the Additional Chief Secretary to Government Haryana Archives Department, kindly refer to this Department's U.O. No. 9/87-2[illegible] dated 1.6.2015 and your U.O. No. 2/3-2015-Abhi 814 dated 28.5.2015 on the subject [illegible]

167-DCG 9
24-8-15

2. He/She is again requested to send the implementation report of the decision taken by the Council of Ministers in this case to the Cabinet [illegible] [illegible] expe[illegible]

ASSH-III

[illegible] Cabinet
[illegible] Secretary [illegible] Ministers, Haryana

To
The Additional Chief Secretary to Government Haryana
Archives Department, Chandigarh

U.O.No.9/87-2015-2Cabinet. Dated Chandigarh [illegible] 2015

R/19[illegible]

प्रेषक

महानिदेशक
अभिलेखागार विभाग, हरियाणा
चौथी मंजिल, बी ब्लॉक, सिंचाई भवन
सैक्टर 5, पंचकूला ।

सेवा में

सचिव
मंत्री परिषद, हरियाणा
सिविल सचिवालय, चंडीगढ़ ।

यादि कमांक 2/3-2015-अभि0/1235
दिनांक पंचकूला 1-9-15

Subject: Annual Administrative Report of the Archives Department for the year 2011-2012.

.................

उपरोक्त विषय पर आपके अ0श0 कमांक 9/87/2015-2 कैबिनेट दिनांक 11-8-2015 के सन्दर्भ में ।

आपको सूचित किया जाता है कि इस विभाग की वार्षिक प्रशासनिक रिर्पोट 2011-2012 प्रकाशन हेतु नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री विभाग हरियाणा को भेजी जा चुकी है जिसकी सूचना आपको पत्र कमांक 22.07.2015 के पत्र द्वारा भेजी जा चुकी है । इसकी प्रति आपको पुन: भेजी जाती है ।

अधीक्षक
O/C कृते: महानिदेशक, अभिलेखागार विभाग, हरियाणा

40947—C.P.&S.—H.G.P., Chd.

# तत्काल

क्रमांक पी० एण्ड एस०एच०/ 1150 /प्रेस दिनांक 28-10-15

प्रेषक

नियंत्रक, मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
हरियाणा।

अभिलेखागार विभाग हरियाणा
दैनिक क्रमांक 1848
दिनांक 30-10-15

सेवा में

~~उप-निदेशक अभिलेख~~
कृते ~~महानिदेशक, अभिलेखागार विभाग,~~
~~चौथी मंजिल, निकाय भवन, सेक्टर-5, पंचकूला~~ B-Block

*विषय :*— **प्रैस से मुद्रित प्रकाशन का उठाना (जॉब नं०)** 53532-Arch

उपरोक्त विषय के सन्दर्भ में सूचित किया जाता है कि आपके पत्र क्रमांक 1093 दिनांक 22-7-15 के अनुसार हरियाणा राजकीय प्रेस में आपके विभाग का प्रकाशन/फार्म छप कर तैयार है, अतः छपे हुए **प्रकाशन को पत्र प्राप्त होते ही तत्काल उठवाने का प्रबन्ध करें** अन्यथा प्रकाशन के खराब होने के लिये प्रैस उत्तरदायी नहीं होगा।

**नोट :** अगर छपा हुआ प्रकाशन **एक सप्ताह के अन्दर न उठवाया गया** तो सम्बन्धित विभाग को इसके लिए Storage Charges वहन करने होंगे।

सहायक नियंत्रक,
मुद्रण तथा लेखन सामग्री,
हरियाणा।

23/10

-28-

52490—C.P.&S.—H.G.P., Chd.

# HARYANA GOVERNMENT PRESS, CHANDIGARH

**Advice Note of Despatch of Copies and Acknowledgement Voucher**

अभिलेखागार विभाग हरियाणा

30954

दैनिक क्रमांक 1838 ***Date of Supply*** 29/10/15

दिनांक 29-10-15

Please receive the following relating to your requisition/forwarding letter

**Ref. No.......................... Dated.........................**

**Job No.** 55532

2011-12

***Subject :***

***Despatcher***

I hereby certify that I have received the articles entered in this voucher. The packages were opened in the presence of responsible official and checked against the voucher, and provided under rule 7.18 (2) (3) Chapter 7 of Punjab Printing and Stationery Manual (First Edition 1968). One copy of the voucher is returned duly acknowledged.

***Received by***..................

***Designation***..................

- 29 -

From

The Director
Archives Department, Haryana,
Sinchai Bhawan, B-Block, 4th Floor,
Sector – 5
PANCHKULA

To

The Secretary
Council of Ministers
Haryana, Chandigarh.

No. 2/3-2015 Abhi/916
Dated Panchkula, the 9.9.2016

Sub: Annual Administrative Report of the Archives Department, Haryana for the year 2011-2012.

::::::::

With reference to your U.O. No. 9/87/2015-2 Cabinet, dated 11th August, 2015 and U.O. No. 9/87/2015-1 Cabinet, dated 17th May, 2016 address to the Additional Chief Secretary to Government Haryana, Archives Department Chandigarh on the subject cited above.

Two printed copies of the Annual Administrative Report of this Department for the year 2011-2012 is enclosed with this letter.

15-9-2016

Manju
Assistant Director Archives
D/C for Director Archives Department, Haryana

हरियाणा सरकार

# अभिलेखागार विभाग, हरियाणा

की

वर्ष 2011-2012

की

# वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट

-30-

हरियाणा सरकार

# अभिलेखागार विभाग, हरियाणा

की

वर्ष 2011-2012

की

# वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट

## Review of the working of Archives Department for the year 2011-2012

During the year under report the Department continued to perform its functions to acquire, service and preserve for posterity public and private records of administrative, historical, economic, political, social and cultural value.

During the year 2011-2012, the Department surveyed the records of the Chief Secretary, Haryana, Chief Election Commissioner, Election Department Haryana, Director Supply and Disposal Department, Haryana, Deputy Director Agriculture Department, Ambala, Executive Engineer, Pundari Water Services Division Kaithal, Dy. Excise & Taxation Commissioner, Faridabad (east), Deputy Registrar Co-operative Societies, Rohtak and Municipal Council Library, Sonipat.

Department acquired 83 files from the office of Chief Secretary Civil Secretariat, 19 volumes of instructions/ notification issued by the Finance Department from 1947 to 2010 from Financial Commissioner Haryana, Finance Department, 74 files from Agriculture Department , Haryana, 114 files from the office of Chief Electoral Officer, Haryana, 10 files from the office of Supply And Disposal Department, Haryana, 3 books and 2 files from the office of Deputy Director Agriculture Department, Ambala and a book of History of Rewari from Pt. Chhaju Sharma, Rewari

Department appraised files of the period from 1965 to 2010 of the office of Chief Electoral Officer, Haryana, Chandigarh, Chief Secretary, Government of Haryana, Director Supply and Disposal Department Haryana, Panchkula, Deputy Director Agricultural Department, Ambala, Director General Hospitality Department, Haryana Chandigarh, District

32

Social Welfare Officer Panipat and Rohtak and recommended their destruction.

Department provided research facilities to 22 research scholars.

Department organized 8 exhibitions on various occasions at various places in the State to inculcate archival consciousness among the public in general and students in particular.

Department is well represented at all National Archival and Historical Institutions.

(Vijai Vardhan)
Additional Chief Secretary, Government of Haryana
Archives Department.

# अभिलेखागार विभाग, हरियाणा द्वारा वर्ष 2011-2012 के दौरान किए गए कार्यों की समीक्षा

रिपोर्टाधीन अवधि में विभाग प्रशासनिक, ऐतिहासिक, आर्थिक, राजनैतिक, सामाजिक व सांस्कृतिक महत्व के सरकारी एवं निजी अभिलेखों की प्राप्ति, सम्भाल एवं चिरकाल तक उनके संरक्षण के कार्यो को करता रहा है ।

वर्ष 2011-2012 के दौरान विभाग ने मुख्य सचिव हरियाणा, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा, निदेशक पूर्ति एवं निपटान विभाग हरियाणा, उप निदेशक कृषि विभाग, अम्बाला, कार्यकारी अभियंता, पुण्डरी जल सेवाएं मण्डल, कैथल एवं उप आयुक्त, आबकारी एवं कराधान (पूर्वी) फरीदाबाद, उप रजिस्ट्रार सहकारी समितियां रोहतक एवं नगर परिषद पुस्तकालय, सोनीपत के अभिलेखों का सर्वेक्षण किया ।

विभाग ने मुख्य सचिव, हरियाणा सिविल सचिवालय के कार्यालय से 83 फाइलें, वित्त विभाग हरियाणा सिविल सचिवालय के कार्यालय से वर्ष 1947 से 2010 तक की अवधि के वित्त विभाग द्वारा जारी अनुदेशों/ अधिसूचनाओं (19 वोल्यूम ) की प्रतियां, कृषि विभाग, हरियाणा के कार्यालय से 74 फाइलें, निर्वाचन विभाग, हरियाणा के कार्यालय से 114 फाइले, पूर्ति एवं निपटान विभाग, हरियाणा के कार्यालय से 10 फाइलें, उप निदेशक कृषि विभाग, अम्बाला के कार्यालय से 3 पुस्तकें तथा 2 फाइलें अवाप्त की तथा इसके अतिरिक्त रिवाड़ी के पं० छज्जुराम शर्मा से रिवाड़ी का इतिहास नामक एक पुस्तक अवाप्त की ।

विभाग ने वर्ष 1965 से 2010 तक की अवधि के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, चण्डीगढ, मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार, चण्डीगढ, निदेशक पूर्ति एवं निपटान विभाग हरियाणा पंचकूला, उप निदेशक कृषि विभाग अम्बाला, महानिदेशक सत्कार संगठन हरियाणा चण्डीगढ, जिला समाज कल्याण अधिकारी पानीपत और रोहतक के कार्यालय की फाइलों का मूल्यांकन किया तथा अभिलेखीय महत्व की

34

फाइलों को छोड़कर शेष सभी फाइलों को नष्ट करने का सुझाव दिया गया क्योंकि ये सभी फाइलें अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

विभाग ने 22 शोधकर्ताओं को शोध सुविधाएं प्रदान की ।

विभाग ने आम जनता में विशेषकर विद्यार्थियों में अभिलेखों के प्रति जागरुकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से राज्य में विभिन्न स्थानों पर विभिन्न अवसरों पर 8 अभिलेखीय प्रदर्शनियों का आयोजन किया ।

विभाग का सभी राष्ट्रीय अभिलेखीय एवं ऐतिहासिक संस्थाओं में अच्छा प्रतिनिधित्व रहा है ।

(विजय वर्धन)
अतिरिक्त मुख्य सचिव, हरियाणा सरकार
अभिलेखागार विभाग।

# अभिलेखागार विभाग हरियाणा
## वार्षिक प्रशासनिक रिपोर्ट 2011-2012

अभिलेखागार हमारी सांस्कृतिक सम्पदा का कोष है । यह उस नदी की तरह है, जहां से इतिहास प्रवाहित होता है । इतिहास लिखने व लिखित इतिहास को ढूंढने तथा भावी योजना बनाने के लिए केवल अभिलेखागार ही सामग्री उपलब्ध कराता है ।

हरियाणा राज्य अभिलेखागार, हरियाणा के क्षेत्रीय इतिहास, जो अभी तक अधूरा व अनदेखा रहा है, के शोध की उन्नति के लिए उत्कृष्ट भूमिका अदा करता है ।

हरियाणा राज्य अभिलेखागार का मुख्य कार्य ऐतिहासिक, प्रशासनिक, राजनैतिक, आर्थिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व के सरकारी व निजी अभिलेखों को प्रशासनिक एवं ऐतिहासिक शोध सुविधाओं के लिए प्राप्त करना, उनका सही रख-रखाव व चिरकाल तक उन्हें सुरक्षित रखने हेतु उनकी व्यवस्था करना है । यह विभाग सरकारी अभिलेखों के सम्बन्ध में उनके प्रकाशन, संरक्षण एवं निसरण के लिए सभी गतिविधियों में तालमेल एवं मार्गदर्शन, यह सुनिश्चित करने के लिए करता है कि स्थायी महत्व के अभिलेख नष्ट न हों । इसके अतिरिक्त विभाग मौखिक इतिहास कार्यक्रम के अंतर्गत राज्य के स्वतंत्रता सैनानियों एवं प्रमुख व्यक्तियों के संस्मरण भी टेप रिकार्ड करता है ।

1 नवम्बर, 1966 को पंजाब राज्य के पुनर्गठन व हरियाणा राज्य के सृजन के समय हरियाणा राज्य में अभिलेखागार विभाग स्वतन्त्र विभाग के रुप में कार्य नहीं कर रहा था जिसके कारण सरकारी व निजी अभिलेखों के रख-रखाव की ओर विशेष ध्यान नहीं दिया जा सका । तत्पश्चात् वर्ष 1969 में राज्य में पुरातात्विक व अभिलेखीय गतिविधियों को सम्पन्न करने के उद्देश्य से पुरातत्व इकाई की स्थापना की गई । बाद में हरियाणा सरकार ने वर्ष 1973 में मात्र 7 पदों की स्वीकृति के साथ राज्य में अभिलेखागार विभाग स्थापित करने की दिशा

में प्रथम कदम उठाया । परन्तु यह पद शीघ्र भरे न जा सके । उप निदेशक अभिलेखागार के पद पर केन्द्र सरकार से प्रतिनियुक्ति पर एक अधिकारी को लेकर वर्ष 1976 में विधिवत् रुप से राज्य में अभिलेखागार विभाग की स्थापना हुई तब से लेकर यह विभाग निरन्तर प्रगति के पथ पर अग्रसर है । मुख्यालय पर बढ़ती अभिलेखीय गतिविधियों के बोझ को कम करने की दिशा में विभाग ने वर्ष 1986 में मण्डल स्तर पर क्रमशः अम्बाला व हिसार में क्षेत्रीय अभिलेखागारों की स्थापना की । राज्य में रोहतक व गुड़गांव को मण्डल का दर्जा मिलने के पश्चात् विभाग ने वर्ष 1997 में इन दोनों स्थानों पर भी क्षेत्रीय अभिलेखागारों की स्थापना की ।

अभिलेखागार विभाग सरकार के स्तर पर वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव, हरियाणा सरकार, अभिलेखागार विभाग के प्रशासनिक नियन्त्रण में कार्य करता है । निदेशालय स्तर पर महानिदेशक विभागाध्यक्ष हैं । ये दोनों अधिकारी भारतीय प्रशासनिक सेवा से है । विभाग की तकनीकी गतिविधियों का नियन्त्रण उप निदेशक अभिलेख के पास है, जो कार्यालय अध्यक्ष भी है । क्षेत्रीय अभिलेखागारों का नियन्त्रण सहायक निदेशकों के पास है, जो अपने-अपने कार्यालयों के कार्यालय अध्यक्ष भी हैं ।

वर्ष 2011-2012 की अवधि के दौरान सरकार के स्तर पर इस विभाग का कार्यभार श्रीमती गीता भुक्कल, अभिलेखागार मंत्री के पास रहा । विभाग के वित्तायुक्त एवं प्रधान सचिव श्री राज रुप फुलिया, भा0प्र0से0 रहे । रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान अभिलेखागार विभाग के महानिदेशक का कार्यभार श्री फतह सिंह डागर, भा0प्र0से0 के पास रहा ।

राज्य अभिलेखागार तथा अभिलेखागार महानिदेशक का कार्यालय सिंचाई भवन, बी0 ब्लॉक, चौथी मंजिल, सैक्टर 5, पंचकूला के सरकारी भवन में स्थित रहें है । मण्डल स्तर पर क्षेत्रीय अभिलेखागार के कार्यालय क्रमशः अम्बाला, हिसार, रोहतक व गुड़गांव में स्थित रहें है ।

विभाग में 45 पद स्वीकृत हैं जिनमें से 37 पद भरे हुए है व 8 पद रिक्त हैं । जिनका विवरण अनुलग्नक 'क' पर उपलब्ध है ।

**बजट:**

विभाग के वर्ष 2011–2012 के मूल बजट में योजनेत्तर पक्ष पर 1,42,89,000 रुपये व योजना पक्ष पर 30,00,000 रुपये का बजट प्रावधान किया गया था जिसके समक्ष 1,34,54,000 रुपये योजनेत्तर पक्ष पर तथा 9,89,000 रुपये योजना पक्ष पर खर्च किए गए हैं ।

**सरकारी एवं निजी अभिलेखों का सर्वेक्षण:**

इस वर्ष के दौरान विभाग ने निम्न कार्यालयों के अभिलेखों का सर्वेक्षण किया:

1- मुख्य सचिव, हरियाणा ।

2- मुख्य निर्वाचन अधिकारी, हरियाणा ।

3- निदेशक पूर्ति एवं निपटान विभाग, हरियाणा ।

4- उप निदेशक, कृषि विभाग, अम्बाला ।

5- कार्यकारी अभियन्ता, पुण्डरी जल सेवाएं मण्डल, कैथल ।

6- उप आयुक्त आबकारी एवं कराधान (पूर्वी) फरीदाबाद ।

7- उप रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां, रोहतक ।

8- नगर परिषद पुस्तकालय, सोनीपत ।

विभाग ने कपिल मुनी मंदिर कलायत, फल्गू तीर्थ फरल, कुरूक्षेत्र, रहमत उल्लाह अली, सढौरा, यमुना नगर तथा मनसा देवी मंदिर, फतेहपुर पुण्डरी जिला कैथल के धार्मिक संस्थानों के अभिलेखों का भी सर्वेक्षण किया तथा पुलिस अधीक्षक, रोहतक व पुलिस अधीक्षक, पानीपत से सम्पर्क किया गया तथा 1947 से पहले का थानों मे रखे रिकार्ड को विभाग में स्थानांतरण करने को कहा गया।

**अवाप्तियां :**

इस वर्ष के दौरान विभाग ने निम्न अवाप्तियां की:

1- मुख्य सचिव, हरियाणा सिविल सचिवालय के कार्यालय से 83 फाइलें अवाप्त कीं ।

2- वित्त विभाग, हरियाणा सिविल सचिवालय के कार्यालय से वर्ष 1947 से 2010 तक की अवधि के वित्त विभाग द्वारा जारी अनुदेशों / अधिसूचनाओं की प्रतियां अवाप्त कीं ।

3- कृषि विभाग, हरियाणा के कार्यालय से 74 फाइलें अवाप्त कीं ।

4- निर्वाचन विभाग, हरियाणा के कार्यालय से 114 फाइलें अवाप्त कीं।

5- पूर्ति एवं निपटान विभाग, हरियाणा के कार्यालय से 10 फाइलें अवाप्त कीं ।

6- उप निदेशक, कृषि विभाग, अम्बाला के कार्यालय से 3 पुस्तकें तथा 2 फाइलें अवाप्त की ।

7- इसके अतिरिक्त रिवाड़ी के पं0 छज्जू राम शर्मा से रिवाड़ी का इतिहास नामक एक पुस्तक अवाप्त की ।

**अभिलेखों की सर्विसिंग :**

इस वर्ष के दौरान विभाग ने यहां उपलब्ध अभिलेखों की निम्नानुसार सर्विसिंग की :

1- पुनर्वास विभाग, हरियाणा को उनकी मांग पर 55 फाइलें उपलब्ध करवाई व उन द्वारा वापिस की गई 62 फाइलों को अभिलेख कक्ष में पुर्नस्थापित किया ।

2- मुख्य अभियन्ता, भाखड़ा जल सेवाएं, सिंचाई विभाग, हरियाणा, पंचकूला को उनकी मांग पर वर्ष 1985-86 के समाचार पत्रों की 24 फोटोप्रतियां उपलब्ध करवाई ।

3- कार्यकारी अभियन्ता, जल सेवाएं मंडल, सिंचाई विभाग, नरवाना को उनकी मांग पर वर्ष 1966-67 के राजपत्र अधिसूचना की 10 फोटोप्रतियां उपलब्ध करवाई ।

4- अधीक्षक, जिला कारावास, रोहतक को उनकी मांग पर रजिस्टर न0 2 (28.09.1944 से 07.10.1944) उपलब्ध करवाया गया ।

**अभिलेख प्रबंधन :**

1- विभाग ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी, चण्डीगढ़ के कार्यालय की 1967 से 2010 तक की अवधि की 4020 फाइलों का सर्वेक्षण किया तथा 113 फाइलों को छोड़कर शेष सभी फाइलों को नष्ट करने का सुझाव दिया गया क्योंकि ये सभी फाइलें अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

2- विभाग ने मुख्य सचिव हरियाणा सरकार चण्डीगढ़ के कार्यालय की 1956 से 1986 तक की अवधि की 207 फाइलों का सर्वेक्षण किया तथा 83 फाइलों को छोड़कर शेष सभी फाइलों को नष्ट करने का सुझाव दिया गया क्योंकि ये सभी फाइलें अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

3- विभाग ने निदेशक पूर्ति एवं निपटान विभाग, हरियाणा पंचकूला के कार्यालय की 1965 से 2007 तक की अवधि की 3138 फाइलों का सर्वेक्षण किया तथा 10 फाइलों को छोड़कर शेष सभी फाइलों को नष्ट करने का सुझाव दिया गया क्योंकि ये सभी फाइलें अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

4- विभाग ने उप निदेशक कृषि विभाग, हरियाणा अम्बाला के कार्यालय की 1960 से 2007 तक की अवधि की 2390 फाइलों का सर्वेक्षण किया तथा 2 फाइलों को छोड़कर शेष सभी फाइलों को नष्ट करने का सुझाव दिया गया क्योंकि ये सभी फाइलें अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

5- विभाग ने महानिदेशक, सत्कार संगठन, हरियाणा चण्डीगढ के कार्यालय के अभिलेखों का सर्वेक्षण किया इन सभी फाइलों को नष्ट करने का सुझाव दिया गया क्योंकि ये सभी फाइलें अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

6- विभाग ने जिला समाज कल्याण अधिकारी, पानीपत के कार्यालय की 2001 से 2006 तक की अवधि के 246 अभिलेखों का मूल्यांकन

किया तथा इन सभी फाइलों को नष्ट करने का सुझाव दिया गया क्योंकि ये सभी फाइलें अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

7– विभाग ने जिला समाज कल्याण अधिकारी, रोहतक के कार्यालय की 2004 से 2006 तक की अवधि के 340 अभिलेखों का मूल्यांकन किया तथा इन सभी फाइलों को नष्ट करने का सुझाव दिया गया क्योंकि ये सभी फाइलें अभिलेखीय महत्व की नहीं पाई गई ।

8– विभाग के अधिकारियों ने अभिलेख प्रबंधन के विभिन्न विषयों पर लेखा प्रशिक्षण संस्थान, पंचकूला तथा लोक प्रशासन संस्थान, हरियाणा, क्षेत्रीय केन्द्र, पंचकूला में व्याख्यान दिए ।

**अभिलेख परिरक्षण :**

इस वर्ष के दौरान अभिलेख परिरक्षण के अन्तर्गत निम्नलिखित कार्य किए गए:–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | बांइडिंग | 238 पुस्तकें |
| 2. | सिलाई | 200 पुस्तकें, 147 फाइलें |
| 3. | लघु रिपेयर | 1970 पृष्ठ |
| 4. | डिएसिडिफिकेशन | 1000 पृष्ठ |
| 5. | लैमिनेशान | 400 पृष्ठ |
| 6. | फोर साईड कटिंग | 600 पृष्ठ |
| 7. | पृष्ठीकरण | 52000 पृष्ठ |
| 8. | गैदरिंग एवं गार्डिंग | 2678 पृष्ठ |
| 9. | फलैटनिंग | 15070 पृष्ठ |
| 10. | चेपियां हटाना | 2340 |

**प्रकाशन :**

विभाग ने आम जनता से अभिलेखों की सुरक्षा करने एवं विभाग को उनके पास उपलब्ध अभिलेखों को भेंट स्वरूप देने के लिए एक अपील प्रकाशित की ।

**शोध सुविधाएं :**

विभाग ने 22 शोधकर्ताओं को शोध सुविधाएं प्रदान की । जिनका विवरण अनुलग्नक 'ख' पर उपलब्ध है ।

**सूचना का अधिकार अधिनियम :**

सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 के अन्तर्गत विभाग ने 5 व्यक्तियों को तकनीकी पक्ष पर श्री एच.सी. अरोड़ा मकान न0 2299 सैक्टर-44 सी चण्डीगढ, डॉ0 जगबीर सिहं मकान न0 188 पी0एल0ए0 हिसार, श्री के0 पारी, वंधन, प्रथम तल न्यू न0 81/5 ओल्ड न0 5 राम नगर, कुमारसमपट्टी सेलम, तमिलनाडु, श्री तरलोचन पटेल रोड़ पुली, अम्बाला शहर व श्री रामजुआरी शर्मा एडवोकेट, चैम्बर न0 268 डिस्ट्रिक कोर्ट पानीपत तथा 4 व्यक्तियों को प्रशासनिक पक्ष पर श्री धर्मपाल गांव हाट, तहसील सफीदों जिला जीन्द, नरेश सेलपाड़ 330 विनय नगर, दिल्ली बाई पास, रोहतक, श्री अशोक कुमार सफीदों शहर, जिला जीन्द व मनोज कुमार नजदीक के0 वी0 विद्यालय, काठ मंडी, सरकूलर रोड़, जिला रिवाड़ी को उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध करवाई ।

**माइक्रोफिल्मिंग :**

इस वर्ष के दौरान विभागीय पुस्तकालय में उपलब्ध 15 पुस्तकों की सुरक्षा हेतु उनके लगभग 9000 माइक्रोफिल्म चित्र तैयार किए गए व इनको प्रोसेस किया गया ।.

**प्रदर्शनियां :**

इस वर्ष के दौरान विभाग ने विभिन्न अवसरों पर निम्न विवरण अनुसार 8 प्रदर्शनियां आयोजित की:

| क्रम | दिनांक | स्थान | अवसर |
|---|---|---|---|
| 01- | 10 मई, 2011 | अम्बाला | अभिलेख प्रदर्शनी |
| 02- | 6 अगस्त, 2011 | हिसार | हरियाणा स्वतंत्रता सैनिक |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 03- | 9 से 10 अगस्त, 2011 | अम्बाला | भारत छोड़ो आन्दोलन की वर्षगांठ के उपलक्ष्य में प्रदर्शनी |
| 04- | 27 अगस्त, 2011 | हांसी | लाला हुक्म चन्द जैन |
| 05- | 2 से 6 दिसम्बर, 2011 | कुरुक्षेत्र | कुरूक्षेत्र उत्सव-गीता जयन्ती समारोह |
| 06- | 15 से 18 दिसम्बर, 2011 | हिसार | स्वतंत्रता आन्दोलन से सम्बन्धित दुर्लभ दस्तावेजो की प्रदर्शनी |
| 07- | 23 से 25 जनवरी, 2012 | चण्डीगढ | स्वतंत्रता आंदोलन के दुर्लभ दस्तावेजो की प्रदर्शनी |
| 08- | 10 से 16 फरवरी, 2012 | कुरूक्षेत्र | कंजरवेशन आफॅ फोक आर्ट ओबजैक्ट |

**प्रश्नोत्तरी कार्यकम :**

इस वर्ष के दौरान विभाग ने राज्य के विभिन्न शिक्षण संस्थानों में निम्न विवरण अनुसार प्रश्नोत्तरी कार्यकम आयोजित किए गए :

| **कम** | **दिनांक** | **शिक्षण संस्थान का नाम** |
|---|---|---|
| 01- | 18-04-2011 | राजकीय उच्च विद्यालय, अंचरा कला, जिला जीन्द |
| 02- | 12-05-2011 | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, राजगढ़ रोड़, जिला हिसार |
| 03- | 18-05-2011 | वैदिक कन्या गुरूकुल, अंचरा कला, जिला जीन्द |
| 04- | 28-07-2011 | राजकीय मॉडल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, जिला पानीपत |

| | | |
|---|---|---|
| 05- | 11-08-2011 | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, बापोली, जिला पानीपत |
| 06- | 11-08-2011 | राजकीय कन्या महाविद्यालय, सैक्टर-14, जिला पंचकूला |
| 07- | 24-08-2011 | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, इसराना, जिला पानीपत |
| 08- | 25-08-2011 | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, खरखौदा, जिला सोनीपत |
| 09- | 23-09-2011 | पी0जी0एस0डी0 वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, हांसी, जिला हिसार |
| 10- | 29-10-2011 | राजकीय उच्च विद्यालय, खेड़ी जलाब, नारनौंद, जिला हिसार |
| 11- | 01-12-2011 | राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, घरौंडा, जिला पानीपत |
| 12- | 25-03-2012 | श्री राजमल मैमोरियल माध्यमिक विद्यालय, सोरखी, जिला हिसार |

**प्रतिष्ठित व्यक्तियों की बैठकें आयोजित करना :**

इस वर्ष के दौरान विभाग की गतिविधियों को गति प्रदान करने के उद्देश्य से विभाग के वितायुक्त एवं प्रधान सचिव, अभिलेखागार की पहल पर सभी जिलों के प्रतिष्ठित व्यक्तियों की समितियां गठित की गई । इस समिति में समाज के विभिन्न वर्गो/क्षेत्रों के व्यक्तियों को सम्मिलित किया गया है, जो विभाग को राज्य में विभिन्न संस्थाओं/व्यक्तियों के पास उपलब्ध महत्वपूर्ण अभिलेखों की पहचान व उनके रख-रखाव बारे अवगत कराएगें । विभाग के अधिकारियों की अध्यक्षता में इस संबंध में इस अवधि के दौरान पलवल, मेवात, सोनीपत, पानीपत, फतेहाबाद, भिवानी तथा हिसार में बैठके आयोजित की गई ।

उपरोक्त कार्यों के अतिरिक्त विभाग ने विभागीय गतिविधियों के प्रचार व प्रसार के उद्देश्य से मुख्यालय तथा क्षेत्रीय कार्यालयों के स्तर पर पुस्तिका प्रकाशित करने तथा पोस्टर बनाने हेतु आवश्यक सामग्री को एकत्रित किया गया । मुख्यालय तथा क्षेत्रीय कार्यालयों में उपलब्ध अभिलेखों में से अति महत्वपूर्ण अभिलेखों को छांटने का कार्य प्रारम्भ किया गया । इसी प्रकार इन कार्यालयों के पुस्तकालयों में उपलब्ध पुस्तकों में से दुर्लभ पुस्तकों को छांटकर उनकी सूची बनाने का कार्य प्रारम्भ किया गया । विभाग द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रदर्शनियों को और रोचक बनाने के लिए आवश्यक पग उठाए गए ।

**चौकसी विभाग से सम्बन्धित सूचनाः**

रिपोर्टाधीन अवधि के दौरान विभाग में चौकसी विभाग से सम्बन्धित सूचना शून्य है ।

## अनुलग्नक 'क'
## वर्ष 2011–12 में पदों का विवरण

| पदनाम | पंचकूला | अम्बाला | हिसार | गुड़गांव | रोहतक | योग | रिक्त |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उप निदेशक | 1 | – | – | – | – | 1 | – |
| सहायक निदेशक | – | 1 | 1 | 1 | 1 | 4 | – |
| अधीक्षक | 1 | – | – | – | – | 1 | – |
| अभिलेखपाल | 3 | – | – | – | – | 3 | – |
| सहायक अभिलेखपाल | 2 | 1 | 1 | 1 | 1 | 6 | 2 |
| माइक्रोफोटोग्राफिस्ट | 1 | – | – | – | – | 1 | – |
| सहायक | 3 | – | – | – | – | 3 | – |
| सहायक पुस्तकाध्यक्ष | 1 | – | – | – | – | 1 | – |
| अभिलेख रेस्टोरर | 1 | – | – | – | – | 1 | – |
| चालक | 1 | – | – | – | – | 1 | – |
| जूनियर स्केल स्टैनो | 1 | – | – | – | – | 1 | – |
| लिपिक | 4 | – | – | – | – | 4 | 3 |
| अभिलेख परिचर | 1 | – | – | – | – | 1 | – |
| बाईंडर | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 5 | – |
| गेट कीपर | 1 | – | – | – | – | 1 | 1 |
| डार्क रुम अटैन्डेन्ट | 1 | – | – | – | – | 1 | – |
| डस्टिंग बियरर–कम–मैंडर | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 5 | 1 |
| स्वीपर | 1 | – | – | – | – | 1 | – |
| सेवादार | 2 | 1 | 1 | – | – | 4 | 1 |

## अनुलग्नक 'ख'

## वर्ष 2011–12 में विभाग में आए शोधकर्ताओं का विवरण

| क्र0 | शोधकर्ता का नाम | शोध का विषय | विश्वविद्यालय/विभाग/संस्थान |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| | सर्व श्री/श्रीमती | | |
| 1. | दलजीत कुमार | रोल ऑफ महम इन दी फरीडम मूवमेंट ऑफ इंडिया | महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक |
| 2. | कुलजीन्द्र सिंह | सेटलमेंट रिपोर्ट | चण्डीगढ़ परिवहन उपकम |
| 3. | गगनप्रीत | कोलोनीयल पुलिस इन पंजाब | जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय,नई दिल्ली |
| 4. | गंगा सागर | रोल ऑफ आर्य समाज इन दी डिवेलपमेंट ऑफ साउथ ईस्ट पंजाब इन 20th सेंचुरी | पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ |
| 5. | राकेश कुमार | 15th सेंचुरी सूफी सेंट हजरत जलालुदीन | जे.एम.आई. दिल्ली |
| 6. | डॉ0 स्वाती झा | हिस्ट्री | गर्वनमेंट कॉलेज, गुड़गांव |
| 7. | शीतल हुड्डा | अर्बनाइजेशन आफ हिसार डिसट्रिक्ट | महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक |
| 8. | ज्योति रूहिल | अर्बनाइजेशन इन हिसार | महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक |
| 9. | संदीप कुमार भाटिया | हिस्ट्री ऑफ हिसार | जे.जे.यू., हिसार |
| 10. | संदीप कुमार | अर्बनाइजेशन ऑफ हिसार | महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक |

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| 11. | नेहा शर्मा | हिलस्टेशन एण्ड हिल टाउन ऑफ इंडिया | पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ |
| 12. | सुमन भारती | सोशल चेंज अमंग दी मुस्लिम इन ब्रिटिश पंजाब | डी.ए.वी.कॉलेज, चण्डीगढ़ |
| 13. | सेनिया अहरवाला | हिस्ट्री | दर्विडम विश्वविद्यालय; कुपम |
| 14. | हरविन्द्र मलिक | सर छोटूराम | स्वास्तिका इंनटरटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड |
| 15. | राजेश मलकानिया | हिस्ट्री | दैनिक जागरण, पंचकूला |
| 16. | सोफी लैलवेलैन | एन आई फॉर गुड केटल एक्सपेलिंग दी ऐथिक्स एण्ड एस्थेटिक ऑफ लाइवस्टाक बायोडाइवर्सिटी कंनजरवेशन इन नोरदरन इंडिया | जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली |
| 17. | जसबीर सिंह सिंहमार | दी सिक्स सरीनस आफ दी पंजाब | पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ |
| 18. | डॉ० जगदीप सिंह | वीडो | कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र |
| 19. | सुरेन्द्र सिंह भांगू | फेमिली हिस्ट्री ऑफ एस. हरनाम सिंह आफ भारी | |
| 20. | हरनीत कौर जाखड़ | राइट टू लाइफः ए स्टडी ऑफ गर्ल चाइल्ड इन दी पंजाब फरोम दी मिड 19वीं से 20वीं शताब्दी | पंजाब विश्वविद्यालय, चण्डीगढ़ |

48

| 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|
| 21. | मनोज कुमार | लेंड आनरशिप एण्ड टेनेसी ए स्टडी ऑफ अग्रेरियन रिलेशन इन दी साउथ ईस्ट पंजाब 1849–1947 | कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र |
| 22. | अजय कुमार | सेसीया इक्नोमिक कंडीशन ऑफ शैडयूल कास्ट ऑफ चम्बा इन 19वीं और 20वीं सेंचुरी | हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय, शिमला |

53532—Arch.—H.G.P., Chd.

अभिलेखागार विभाग, हरियाणा
ज्ञापांक 627
दिनांक 25-05-16

- 49 -
PSAM+A.
Dir./Arch.

**REMINDER**
**IMMEDIATE**
**COUNCIL OF MINISTERS**

**Subject :-** **Annual Administrative Report of the Archives Department, Haryana for the year 2011-2012.**

********

Will the Additional Chief Secretary to Government Haryana, Archives Department, kindly refer to this Department's U.O. No. 9/87/2015-2Cabinet, dated 1.6.2015 and Subsequent reminder dated on 11.8.2015, & 14.1.2016 and your U.O. No.2/3/2015-Abhi/814 dated 28.5.2015 on the subject noted above?

2. He/She is again requested to send the implementation report of the decision taken by the Council of Ministers in this case to the Cabinet Section immediately so that case may be expedited/closed.

Superintendent Cabinet
for Secretary , Council of Ministers, Haryana

To

The Additional chief Secretary to Government Haryana,
Archives Department, Chandigarh.

U.O.No.9/87/2015-1Cabinet, Dated, Chandigarh, the 17th May, 2016
U.O.No.9/87/2015-1Cabinet. Dated, Chandigarh, the 17th May, 2016

A copy is forwarded to Director General of Archives Department Haryana with the request to send two Printed copy of Administrative report to this Department, which was approved in the CMM dated 1.6.2015 immediately.

Sd-
Superintendent Cabinet
for Secretary, Council of Ministers, Haryana